# विज्ञापन

**1. आपका मित्र फूलों से बनी वस्तुओं-गुलदस्ते, हार, मालाएँ आदि की बिक्री बढ़ाना चाहता है। उसकी सहायता के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द)4**

उत्तर–

**सुरभि संसार**

यहाँ पर सभी प्रकार के फूलों से बने हार, गुलदस्ते एवं ताजा फूलों की मालाएँ उपलब्ध हैं।
हर समय एवं हर जगह पहुँचाने की निःशुल्क व्यवस्था है।

मोहन–9828800000

**2. कला अंकुर संस्था की कलावीथि में कुछ चित्र ( पेंटिंग्स ) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस हेतु एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में लिखिए।**

उत्तर–

**कला अंकुर संस्था**

**ऑयल चित्रों की प्रदर्शनी**

कलावीथि में ऑयल चित्रों की सुन्दर प्रदर्शनी बिक्री हेतु रखी गई है। आप सभी इस कला प्रदर्शनी में आमंत्रित हैं।


आयोजक–9828800000

समय : दोपहर 12 बजे से
स्थान : कला अंकुर संस्था
बी–184, उदयपुर

.


**3. आप योग प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में युवाओं को आकर्षित करने वाला एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द)**

**उत्तर---**




**4. 'कान्हा डेयरी' अपने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करवाना चाहते हैं? इस संबंध में आप उनके लिए 25 से 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**उत्तर---**



**5. पेन बनाने वाली कम्पनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द) 4**

उत्तर---

## रियल पेन

विद्यार्थियों की पहली पसन्द रियल पेन
जी चाहे बस लिखते ही जाओ

**विशेषताएँ :**

- अधिक समय तक चलने वाला
- साफ और सुन्दर लिखावट के लिए प्रयोग करें
- विभिन्न आकर्षक डिजाइन्स में उपलब्ध
- मजबूत ग्रिप, तेज गति
- सस्ता व टिकाऊ

अब 20%
अधिक स्याही

तो देर कैसी
आज ही खरीदिए
स्थान : चौड़ा रास्ता, जयपुर

**6. सौन्दर्य परिधान शोरूम की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में लिखिए।**

उत्तर---

सेल    सेल    सेल

**मनमोहक एवं मनभावन कपड़ों का एकमात्र स्थान**

**सौन्दर्य परिधान शोरूम**

आधुनिक फैशन मनभावन रंग
सभी आयु के लिए उपलब्ध
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा

20% की भारी छूट

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
स्थान : वैशाली नगर, जयपुर

**7. स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू रोग के नियन्त्रण हेतु चेतावनी सम्बन्धी एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**(उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द) 4**

उत्तर-

**चेतावनी!**    **सावधान!**

# डेंगू

## भयानक संक्रामक रोग है

- 'घरों के आस-पास गंदा पानी न रुकने दें!
- मल-जल की निकासी की उचित व्यवस्था करें!
- कूड़ा-कचरा के निस्तारण का ध्यान रखें!
- मच्छर कदापि न पनपने दें!
- समीप के अस्पताल में जाकर तुरन्त टीका लगवाएँ!

दूर होगी डेंगू की बीमारी

जब होगी हम सबकी भागीदारी

–निदेशक-डेंगू उन्मूलन अभियान

**8. विद्यालय का वार्षिक खेल-दिवस मनाने हेतु पुराने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में लिखिए।**

उत्तर-

**आमन्त्रण** **आमन्त्रण**

## अ ब स विद्यालय

**⁎ वार्षिक खेल-दिवस ⁎**

**समस्त पुराने विद्यार्थी व अभिभावक सहर्ष आमन्त्रित हैं।**

**दिनांक: 00.00.2022**

**समय : 3 बजे अपराह्न .**

**स्थान: प फ ब मैदान**

**कृपया पधारकर वर्तमान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें।**

**आग्रहकर्ता :**

**प्रभारी (आयोजन)**

**दूरभाष : +9194142 00000**

**9. आपके शहर में एक नया वाटर पार्क खुला है, जिसमें पानी के खेल, रोमांचक झूलों, मनोरंजक खेलों और खान-पान की व्यवस्था है। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द) 4**

उत्तर-

खुल गया! शहर में खुल गया!!

**नया वाटर पार्क**

सभी नागरिक आवें!

सुविधाओं का लाभ उठावें!

नये वाटर पार्क में उपलब्ध सुविधाएँ :

- पानी के खेल : वाटर पोलो, तैराकी,
- रोमांचक झूले एवं चकरियाँ,
- मनोरंजक खेल-तमाशे,
- अन्य कई मनभावन झांकियाँ,
- स्वादिष्ट खान-पान-चाट-गोलगप्पे आदि।

अविलम्ब सम्पर्क करें- व्यवस्थापक 9829000000

**10. आपके पिताजी अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं। इसके लिए पूरा विवरण देते हुए एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में लिखिए। 4**

उत्तर-

बिकाऊ **कार बिकाऊ** बिकाऊ

पहले आइये! पहले लीजिये!

मारुति डिजायर - ग्रे कलर, वातानुकूलित
मॉडल 2015 - सिंगल ऑनर ड्राइव
अलाय व्हील - नये स्टेपनी-टायर, एसी
स्टैण्डर्ड एसिसरीज-किटिंग
पैंतालीस हजार किमी. चली-डेंटिंग-पेंटिंग रहित
एकदम वाजिब मूल्य-तीन लाख रुपये

सस्ते दाम में नयी जैसी कार

केवल ग्राहक सम्पर्क करें।
मोबा. 9414000000 ( रोशन )

**11. पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा 25 से 50 शब्द)4**

उत्तर-

**पर्यावरण सुरक्षा हमारी शान!**
**देता है सभी को जीवन-दान!**

**पर्यावरण ही जीवन है।**
**पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में हम सभी नागरिकों का सहयोग वांछित है।**
**कृपया ध्यान रहे–**

- अपने आस-पास गन्दगी न फैलने दें।
- पराली एवं कूड़ा-कचरा न जलावें।
- जल एवं वायु को स्वच्छ रखें।
- हरीतिमा का रोपण व संरक्षण करें।

**स्वच्छ वायु जीवन का आधार**

पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए
**सदैव जागरूकता जरूरी।**

**12. आपके शहर में विश्व पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 4**

उत्तर-

पुस्तक-प्रेमियों के लिए शुभ-सूचना
आपके शहर में
**विश्व पुस्तक मेले का आयोजन**
दिनांक 18 दिसम्बर 20XX से 25 दिसम्बर 20XX तक
**रामलीला मैदान में**

मेले में सभी भाषाओं की तथा अनेक लेखकों-प्रकाशकों की पुस्तकें उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

आयोजक
नेशनल बुक ट्रस्ट, इण्डिया

**एक बार अवश्य पधारें।**

**13. आपके शहर में उद्योग निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय हैण्डलूम उत्पादन का प्रदर्शन-विक्रय मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा 25 से 50 शब्द)**

**उत्तर-**

जयपुर शहर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला

**नेशनल हैण्डलूम**

**एक्सपो**

**दिनांक : 31 दिसम्बर 20XX से 13 जनवरी 20XX तक**

**समय :** प्रात : 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**स्थान :** सवाई मानसिंह स्टेडियम का बाहरी मैदान

**10% की छूट के साथ**

**[ हथकरघा एवं हस्तशिल्प के विविध आकर्षक उत्पाद ]**

**आयोजक :**

उद्योग निदेशालय, राजस्थान, जयपुर

विकास आयुक्त (हथकरघा), भारत सरकार

**14. अपने ग्राम-प्रधान की ओर से स्वच्छता महाअभियान में सभी ग्रामवासियों को सम्मिलित होने के लिए ध्यानार्थ एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**उत्तर-**

**सफाई का महाअभियान :**

**सभी प्रतिभागी करें श्रमदान!**

**भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत**

**हमारे गाँव में गांधी जयन्ती से**

**एक सप्ताह तक**

सफाई का महाअभियान आयोजित है।

कृपया सभी ग्रामवासी सहयोग प्रदान करें तथा

इस कार्य में श्रमदान द्वारा स्वच्छता अभियान को सफल बनावें।

निवेदक

ग्राम प्रधान

**15. आपकी संस्था की ओर से नववर्ष की हार्दिक शुभकामना देने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**(उत्तर-सीमा 25 से 50 शब्द) 4**

**उत्तर-**

**नववर्ष, 20XX**

**की हार्दिक शुभकामनाएँ**

भारत के समस्त नागरिकों को हमारी ओर से

कोटिशः शुभकामनाओं के साथ

उज्ज्वल भविष्य

का संकल्प

**नववर्ष आपके जीवन में सफलता, सौभाग्य और ढेरों खुशियाँ लेकर आए**

**–अखिल भारतीय संस्कृति प्रचारक संघ,**

**नई दिल्ली–15**

**16. आर्थिक दृष्टि से कमजोर/गरीब शिक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षण-सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु अपनी संस्था की ओर से एक विज्ञापन का प्रारूप 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।**

**उत्तर-**

**उज्ज्वल भविष्य के लिए निराश न हों**

आर्थिक दृष्टि से कमजोर/गरीब छात्रों हेतु राष्ट्रीय ओपन शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल (10वीं) + इण्टर (12वीं) परीक्षा में सम्मिलित होने का सुनहरा अवसर।

शिक्षण–सुविधा निःशुल्क

[दूरस्थ शिक्षण प्रोग्राम के अन्तर्गत]

प्रवेश प्रारम्भ–04 अप्रैल, 20XX से–सीमित स्थान–शीघ्रता करें।

लिखें–मिलें–9829000000

**आदर्श मुक्त प्रशिक्षणालय, पंचवटी,**

**जयपुर।**

**17. रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सोसायटी की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (उत्तर-सीमा लगभग 25 से 50 शब्द) 4**

उत्तर-

**रक्तदान महादान**

आपातकालीन जरूरत की पूर्ति हेतु
रेडक्रॉस सोसायटी, जयपुर द्वारा

**रक्तदान अपनाओ**
**सबका जीवन बचाओ**

**रक्तदान शिविर**

का आयोजन दिनांक 2-1-20XX को किया जा रहा है।

**रक्तदाता बनने के लिए अपना नाम-पता रजिस्टर कराएँ।**

**रक्तदान है सबसे बड़ा दान, जो है एक पुण्य का काम**

-व्यवस्थापक, रेडक्रॉस सोसायटी, 9314000000

**18. आपके विद्यालय में ग्रीष्मावकाश में निःशल्क कम्प्यूटर शिक्षण की व्यवस्था की गई है। इस विषय में प्रधानाचार्य की ओर से 25 से 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 4**

उत्तर-

**10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए सुनहरा मौका!!**

समाज कल्याण विभाग की ओर से
**निःशुल्क कम्प्यूटर-शिक्षण**

**आज की जरूरत**
**आप भी सीखिए**

ग्रीष्मावकाश में एक माह तक नियमित कक्षाओं में
सुयोग्य प्रशिक्षकों द्वारा कम्प्यूटर के शिक्षण की समुचित व्यवस्था

**स्मार्ट क्लासेज**

**इच्छुक छात्र अविलम्ब सम्पर्क करें।**

प्रधानाचार्य
क-ख-ग विद्यालय